दिन—शनिवार दिनांक— 31 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि — 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितनी जल्दी निर्णय लिए जाएंगे उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है — विकसित भारत, नया भारत। श्री मोदी ने सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रेलगाड़िया — मेरठ से लखनऊ, मदुरै से बेंगलुरू और चेन्नई से नागरकोइल के बीच चलाई जायेंगी। श्री मोदी ने उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के विस्तार से देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। जानकारी के अनुसार पटना और टाटा के बीच वंदे भारत ट्रेन का परिचालन भी जल्द शुरू किया जाएगा।

———————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि देशभर में खादी का प्रमुखता से प्रचार— प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे लोग खादी वस्त्र पहनने के लिए प्रेरित होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन भी होगा। श्री मांझी आज नई दिल्ली में अक्टूबर में होने वाले खादी महोत्सव— दो

हजार चौबीस की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से खादी क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाने का निर्देश दिया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष महोत्सव का आयोजन करता है।

———————————————————

प्रदेश के स्कूलों में कल से तीस सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में प्रत्येक दिन अलग–अलग गतिविधियों का आयोजन होगा। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया है।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गई हैं। इससे विभिन्न स्थानों पर बारिश में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। शेखपुरा के घाटकुसुंभा में सबसे अधिक बीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की सम्भावना नहीं है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थान पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका के मद्देनजर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————

इधर, स्थानीय कारणों से मधुबनी में मौसम में बड़ा परिवर्तन आया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में आज दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से रहात मिली।

———————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आज भागलपुर में अंगिका कला उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक चित्र प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया।

———————————————————

अररिया की जिलाधिकारी इनायत–खान ने आज समाहरणालय भवन में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संचालित अभियान बसेरा–टू के तहत तेईस भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया।

——————————————————————

जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजामा गांव से पुलिस ने कुख्यात नक्सली जगरनाथ यादव उर्फ मिश्र जी को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————

मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के भिरखी मोहल्ला में आपसी विवाद में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गोलीबारी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।